भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †727
सोमवार, 12 दिसम्बर, 2022/21 अग्रहायण, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

विरासत पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु वित्तीय सहायता

†727. श्री जुएल ओरामः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केंद्र सरकार विरासत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है;

(ख) यदि हां, तो विरासत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ओडिशा को निधि प्रदान करने हेतु विगत तीन वर्षों के दौरान क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग) : पर्यटन मंत्रालय (एमओटी) ने विरासत सहित विभिन्न थीमों के तहत देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास हेतु अपनी 'स्वदेश दर्शन योजना' (एसडीएस) के अंतर्गत 76 परियोजनाओं को स्वीकृति दी है । एसडीएस के विरासत परिपथ के अंतर्गत 757.56 करोड़ रु. की राशि से 10 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है । पर्यटन मंत्रालय की तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) योजना के अंतर्गत 41 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है जिसमें विरासत स्थलों का विकास भी शामिल है ।

इस मंत्रालय ने वर्ष 2016-17 में एसडीएस की तटवर्ती परिपथ थीम के अंतर्गत ओडिशा में 70.82 करोड़ रु. की राशि से 'गोपालपुर, बरकुल, सतपदा तथा तम्पारा के विकास' की परियोजना को स्वीकृति दी है । इसके अतिरिक्त पर्यटन मंत्रालय ने वर्ष 2014-15 में प्रशाद योजना के मेगा परिपथ के अंतर्गत ओडिशा में 50 करोड़ रु. की राशि से 'पुरी, श्री जगन्नाथ धाम-रामचंडी – देवली में प्राची रिवर फ्रंट के अवसंरचना विकास' की एक अन्य परियोजना को स्वीकृति दी है ।

*****